production of coking coal for supply to the steel plants through several measures such as rationalisation of coal mines, improved mining techniques, mechanisation of mines and improved handling and washing facilities; power shortage has been a constraint in the supply of coking coal also. Against orders placed for the import of 1 million tonnes of low-ash coking coal, supplies are being received from January, 1979. These have helped to improve the precariously low stocks of coal at Bhilai and Rourkela. In order to meet the power situation, schemes have been sanctioned and are being implemented expeditiously for augmentation of captive power generation capacity at Durgapur and Bokaro Steel Plants to the extent of 300 MW.

मध्य प्रदेश की ऊर्जा और सिंचाई योजनाओं का नाम

58. **श्री एन० के० शेजवालकर** : क्या **ऊर्जा, और सिंचाई और कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश की उन ऊर्जा और सिंचाई योजनाओं के नाम क्या हैं जो इस समय विचाराधीन हैं; और

(ख) उनमें से वे योजनाएं कौन-कौन सी हैं जिन्हें मार्च 1980 तक स्वीकृति दे दी जाएगी ?

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी : (क) और (ख) . स्वीकृति हेतु मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्तुत की गई विद्युत उत्पादन और सिंचाई स्कीमों के नाम और उनकी वर्तमान स्थिति विवरण में दी गई है जो सभा पटल पर रखा गया है। [देखिये संख्या एल० टी०–130/80]

नीचे लिखी सिंचाई स्कीमों का अनुमोदन तकनीकी सलाहकार समिति ने कर दिया है और इनके लिए योजना आयोग की स्वीकृति की प्रतीक्षा है :

बृहत

1. हसदेव बांगो परियोजना
2. हलाली परियोजना
3. राजघाट बांध परियोजना

मध्यम

1. बनको टैंक परियोजना
2. गोमुख टैंक परियोजना
3. संडोरा टैंक परियोजना
4. बुन्धारा टैंक परियोजना

कोयले की कमी के कारण मिलों तथा कारखानों का बन्द होना

*59. **श्री एन० के० शेजवालकर** : क्या **ऊर्जा और सिंचाई और कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोयले की कमी के कारण कितने मिल तथा कारखानों को बन्द कर देना पड़ा था और इसके फलस्वरुप कितने जनदिवसों की हानि हुई ;

(ख) उपरोक्त मिलों को समय पर उचित मात्रा में कोयले की सप्लाई न किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी): (क) और (ख). कुछ औद्योगिक इकाइयों से कोयले के स्टाक में गंभीर कमी होने की रिपोर्टें तो मिली हैं किन्तु सरकार के पास ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं आई है जिसमें यह कहा गया हो कि केवल कोयले के अभाव के कारण ही कोई इकाई पूरी तरह बन्द हो गई ।

(ग) खान मुहानों पर कोयले का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है और वहां से उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक कोयला भेजने की दृष्टि से रेलवे के साथ लगातार सम्पर्क रखा जा रहा है । यदि बहुत आवश्यक होता है तो सड़क से ले जाने के लिए भी कोयला दे दिया जाता है ।

Silent Valley Hydro-electric Project in Kerala

60. SHRI G. M. BANATWALLA: Will the Minister of ENERGY AND IRRIGATION AND COAL be pleased to state:

(a) whether the Central Government propose to have a fresh look at Kerala's Silent Valley Hydro-electric Project involving forest destruction specially in view of the recent vacation of the High Court stay; and

(b) if so, details thereof?

THE MINISTER OF ENERGY AND IRRIGATION AND COAL (SHRI A. B. A. GHANI KHAN CHAUDHURY): (a) and (b). In view of reservations expressed by enviornmen-